# एक फोन पर पहुंचेंगे दमकल वाहन

## विभाग मुस्तैद

लखनऊ | संवाददाता

अग्नि सुरक्षा के लिए दमकल विभाग ने तैयारी कर ली है। प्रमुख स्थानों पर विभाग के 300 कर्मचारी 30 दमकल की गाड़ियों के साथ प्रमुख बाजारों और स्थानों पर तैनात रहेंगे। क्योंकि दीपावली पर आग की घटनाओं की आशंका अधिक रहती है। यह जानकारी चीफ फायर अफसर विजय कुमार सिंह ने दी।

**तैयार रहेगा दस्ताः** अमीनाबाद, ताल कटोरा, महानगर चौराहा, पुरनिया चौराहा, टेढ़ी पुलिया, पॉलीटेक्निक चौराहा, तेलीबाग, गोसाईगंज, रकाबगंज पुल, पत्रकारपुरम चौराहा, आलमबाग चौराहे से बस अड्डा के मध्य, सरोजनीनगर, इंजीनियरिंग कॉलेज, बीकेटी व इटौंजा में दमकल की गाड़ियां मौजूद रहेंगी।

## आग लगने पर इन नंबर पर करें संपर्क

● टोल फ्री नंबर 112 ● हजरतगंज फायर स्टेशन 9454418642 ● इंदिरानगर फायर स्टेशन 9454418650 ● पीजीआइ फायर स्टेशन 9454418646 ● गोमतीनगर स्टेशन 9454418658 ● आलमबाग फायर स्टेशन 9454418648 ● सरोजनीनगर फायर स्टेशन 9454418656 ● बीकेटी फायर स्टेशन 9454418652 ● चौक फायर स्टेशन 9454418644 पर संपर्क कर सकते हैं।

## इन बातों का रखें खास ख्याल

● पटाखे अच्छे ब्रांड के खरीदें। आतिशबाजी के लिए खुली जगह देखें।
● बच्चों को अकेले आतिशबाजी न करने दें, उनके साथ जरूर रहें।
● आतिशबाजी के समय ढीले कपड़े न पहनें, कपड़ों में आग लगने पर भागे नहीं बल्कि जमीन पर लुढ़कें या किसी मोटे कंबल से ढककर बुझाये। ● एक बार में एक ही पटाखा जलायें।
● पटाखे को को टीन व बोतल में रखकर कभी न जलायें, अस्पताल के पास आतिशबाजी न करें।